6. 'जूही की कली' कविता की मूल संवेदना क्या है ? तर्क सहित लिखिए।

7. मैथिलीशरण गुप्त रचित 'साकेत' में वर्णित उर्मिला का चरित्र-चित्रण कीजिए।

8. 'असाध्य-वीणा' में वर्णित बिम्ब एवं प्रतीक विधान की समीक्षा कीजिए।

9. रघुवीर सहाय के काव्य की अन्तर्वस्तु का मूल्यांकन कीजिए।

खण्ड—स 2×16=32

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 16 अंक का है।

10. "महादेवी वर्मा आधुनिक युग की मीरा हैं।" कथन की प्रामाणिकता सिद्ध कीजिए।

11. "पंत प्रकृति के सुकुमार कवि हैं।" कथन के आधार पर पंत के काव्य में प्रकृति-चित्रण की विशिष्टताएँ लिखिए।

12. दुष्यंत के काव्य की अनुभूति पक्ष का विवेचन कीजिए।

13. निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए :

(i) निराला का शक्ति काव्य

(ii) दिनकर की राष्ट्रीयता

MAHD–02

December – Examination 2023

M.A. (Previous) Examination

HINDI

(Adhunik Kavya)

आधुनिक काव्य

Paper : MAHD-02

Time : 3 Hours] [*Maximum Marks : **80***

निर्देश :- यह प्रश्न-पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड—अ 8×2=16

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) 'साकेत' महाकाव्य के नायक कौन हैं ?

(ii) मैथिलीशरण गुप्त के काव्य का प्रमुख स्वर क्या है ?

(iii) छायावाद के चार स्तम्भ कौन-कौनसे हैं ?

(iv) महादेवी वर्मा के प्रिय प्रतीक क्या हैं ?

(v) हरिवंशराय बच्चन का काव्य किस वाद से जाना जाता है ?

(vi) दिनकर रचित **दो** कृतियों के नाम लिखिए।

(vii) प्रयोगवाद का आरम्भ कब हुआ ?

(viii) हिन्दी में गजल विधा का सफल प्रयोग किस कवि ने किया ?

खण्ड—ब **4×8=32**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 8 अंक का है।

2. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

मेरे उपवन के हरिण, आज वनचारी
मैं बाँध न लूँगी तुम्हें, तजो भय भारी।
गिर पड़े दौड़ सौमित्र प्रिया-पद-तल में,
वह भीग उठी प्रिय चरण धरे दृग जल में।
वन में तनिक तपस्या करके,
बनने दो मुझको निज योग्य
भाभी की भगिनी तुम मेरे
अर्थ नहीं केवल उपभोग्य।

3. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

प्रकृति के यौवन का शृंगार करेंगे कभी न बासी फूल।
मिलेंगे वे जाकर अतिशीघ्र, आह उत्सुक है उनकी धूल।
पुरातनता का यह निर्मोह; सहन करती न प्रकृति पल एक।
नित्य नूतनता का आनंद, किए हैं परिवर्तन में टेक॥

4. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

है बहुत बरसी धरित्री पर अमृत की धार,
पर नहीं अब तक सुशीतल हो सका संसार।
भोग-लिप्सा आज भी लहरा रही उद्दाम,
बह रही असहाय नर की भावना निष्काम॥

5. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

कालिदास सच सच बतलाना।
इन्दुमती के मृत्युशोक से
अज रोया या तुम रोए थे।
कालिदास सच सच बतलाना।
शिवजी की तीसरी आँख से
निकली हुई महाज्वाला में
घृतमिश्रित सूखी समिधा-सम
कामदेव जब भस्म हो गया
रति का क्रन्दन सुन आँसू से
तुमने ही तो दृग धोए थे।